14.02 hrs.

Title: Need to supply additional electricity to Maharashtra State to ensure uninterrupted supply to rural areas of the State .

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : अध्यक्ष जी, महाराट्र पहले बिजली उत्पादन में अग्रसर था। वहां बिजली संकट गहराता जा रहा है और कृाि उत्पादन में अग्रसर राज्य में बिजली कटौती शुरू हो गयी है। वर्तमान में अहमदनगर जिले में ही बिजली कटौती के कारण आधी फसल नट होने के कगार पर है। ऐसी ही स्थिति महाराट्र के पूरे ग्रामीण क्षेत्र में है। ग्रामीण क्षेत्र से अधिकारी तकनीकी आधार पर लोड फैक्टर का हवाला देते हैं। लेकिन बड़े शहरों में सुविधाजनक उपकरणों की भरमार तथा विज्ञापन जगत में विद्युत ग्लोसाईन बोर्ड निर्यान लैम्पों की चमक में दिनों-दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। स्वतंत्रता के बाद बिजली उत्पादन में पचास गुना बढ़ोत्तरी होकर भी कृाि क्षेत्र लोड फैक्टर ग्रस्त है और कृाि उत्पादन कम होने की आशंकाएं बढ़ती हैं। अगर देश को कृाि निर्भर बनाना है तो खेती के लिए बिजली मोटरों को बिजली सप्लाई देने हेतु कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि महाराट्र के ग्रामीण क्षेत्र में लोड शेडिंग को कम करने के लिए केन्द्र सरकार महाराट्र को अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराये तथा सुनियोजित प्लान से बिजली सप्लाई करने पर जोर दिया जाए।